# Shricon Industries Limited

**Registered** Office: First Floor, 112 B, Shakti Nagar, Kota-324009
**Corporate Identification Number**: L45200RJ1984PLC040606
Phone: 0744-2500492, 0744-3040050, www.shricon.in; investor.shricon@gmail.com

August 18, 2022

To,
The Manager
Bombay Stock Exchange Limited
Corporate Relationship Department
Phirozee Jeejeebhay Tower
Dalal Street, Fort, Mumbai-400 001
**BSE Scrip Code**:508961

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper Publication pertaining to Financial Results for the Quarter ended June 30, 2022**

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of newspaper advertisement published in Kota Collage & Chambal Sandesh with respect to Financial Results for the Quarter Ended June 2022 .

Thanking You,

For **Shricon Industries Limited**

CS Neha Arvind
Company Secretary
Membership No : A47864

SHRICON

## एक शाम पुलिस के नाम-उमंग कार्यक्रम आज

**संदेश न्यूज। कोटा.** जिला पुलिस कोटा शहर व लॉयन्स क्लब कोटा नोर्थ चैरिटेबल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में यूआईटी ऑडिटोरियम में 'उमंग-2022' का आयोजन मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त कोटा दीपक नंदी, जिला कलक्टर ओमप्रकाश बुनकर, पुलिस अधीक्षक कोटा शहर केसर सिंह शेखावत व ग्रामीण कावेंद्र सिंह सागर, लायंस क्लब अध्यक्ष वरुण रस्सेवट, सचिव नितिन भंडारी, पुलिस अधीक्षक एंटी करप्शन सीआईडी, इंटेलिजेंस एसओजी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मील एवं प्रवीण जैन, एसडीएम सभी आरपीएस के सानिध्य में होगा।

# जिलास्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई





**संदेश न्यूज। कोटा.** जिला स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल शनिवार को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में प्रातः 9:15 बजे अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम बैरवा ने प्रातः 9:15 बजे ध्वजारोहण कर परेड़ का निरीक्षण किया, पुलिस निरीक्षक कलावती चौधरी के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस, आरएसी, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट एवं मूक बधिर विद्यालय की टुकडी ने ध्वज सलामी दी। राजस्थान पुलिस एवं आरएसी के संयुक्त बैंड की टीम द्वारा राष्ट्रीय गान की स्वर लहरियां बिखेरी गई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**संदेश न्यूज। कोटा.** स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को सांय 7 बजे से यूआईटी ऑडिटोरियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर ओपी बुनकर होंगे। मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा योद्धा बन गई देशभक्ति गीत पर सामुहिक नृत्य, राउमावि. अग्रेजी माध्यम कैथून के विद्यार्थियों द्वारा भारत की बेटी गीत की प्रस्तुति, इन्दिरा इन्टरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों द्वारा ऐ वतन मेरे वतन गीत पर लोकनृत्य, राजकीय संगीत मा.विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा समुह नृत्य कथक तराना की प्रस्तुति दी जाएगी।

# जीवन में व्यवहारिक ज्ञान जरुरी: प्रो.नीलिमा सिंह

### जमीतपुरा में कौशल विकास केंद्र की कार्यशाला

**संदेश न्यूज। कोटा.** जमीतपुरा गांव में स्किल डवलपमेंट सेंटर द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को डायरेक्टर स्किल डवलपमेंट सेंटर डॉ.अनुकृति शर्मा, डॉ.प्रज्ञा धीर तथा डॉ. नीता पारीक मौजूद रहीं। कार्यशाला में छात्राओं के जीवन मे व्यवहार के महत्व पर ट्रैनिंग एंड टिप्स दिए गए। जमीतपुरा गांव के कोटा विश्वविद्यालय के प्रभारी डॉ. पीसी गुप्ता एवं सदस्य आशीष आसोपा के सहयोग से किया गया। छात्राओं ने कार्यशाला के द्वारा ब्रेन स्ट्रॉमिंग गेम्स में हिस्सा लिया। छात्राओं ने स्किल डवलपमेंट सेंटर के साथ आने वाले समय में इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन दुबारा करवाने की मांग की। स्किल डवलपमेंट टीम को अवगत कराया छात्राओं ने भी अपने कौशल निखारने के लिए तथा दक्षता प्राप्त स्वरोजगार करने के लिए सिलाई मशीन, ब्यूटीशन का कोर्स, महेंदी की ट्रेनिंग और अन्य तरह के कौशल सिखाने का कोटा विश्वविद्यालय से आग्रह किया।

# लोक अदालत में 23057 मामले निस्तारित

### कोटा में 15 बैंचों का गठन

**संदेश न्यूज। कोटा.**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटा आरपी सोनी के निर्देशन व मार्गदर्शन में शनिवार को तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय पर संबंधित न्यायालयों एवं एडीआर सेन्टर कोटा में किया गया। तालुका स्तर पर रामगंजमण्डी, इटावा, दीगोद, सांगोद एवं कनवास में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य 16805 लंबित मामले एवं प्रीलिटिगेशन के लगभग 25 हजार मामले सुनवाई के लिए रखे गए। राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कोटा मुख्यालय पर 15 बैंचों का गठन किया गया जिनमें 1 बैंच प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के लिए व 14 बैंच विभिन्न न्यायालयों एवं राजस्व विवाद, उपभोक्ता विवाद, अन्य अधिकरणों, आयोग, मंचों, आथोरिटी, आयुक्त, प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से संबंधित लम्बित प्रकरणों के लिए गठित की गई तथा तालुका स्तर पर 6 बैंचो का गठन किया गया जिनमें 2 बेंच रामगंजमण्डी, 1 बेंच दीगोद में तथा 1 इटावा में एवं 1-1 बेंच कनवास व सांगोद में गठित की गई। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कोटा जिले में प्री-लिटीगेशन के 15596 मामले एवं लंबित प्रकरणों के कुल 7461 प्रकरण निस्तारित किए गए। इस प्रकार कुल 23057 मामले निस्तारित किए गए। आपसी समझाईश से विभिन्न प्रकरणों का राजीनामा द्वारा निस्तारण कर कई विवादों को समाप्त कराया गया। न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम 1 कोटा के कुल 113 प्रकरण राजीनामें के लिए रखे गए थे जिनमें से कुल 29 प्रकरणों को राजीनामे के आधार पर निस्तारित किया गया। उक्त 29 प्रकरणों में कुल 1,10,19,000 रुपए की राशि अधिकरण में लम्बित 29 भिन्न-भिन्न याचिकाओं तथा वसूली प्रार्थना पत्र के प्रार्थीगण को राजीनामें के आधार पर दिलवाई गई। पारिवारिक न्यायालय क्रम संख्या-1 कोटा में एक मामला 27 जनवरी 2022 को पेश हुआ था जिसमें पक्षकारान 2 अक्टूबर 2020 से अलग-अलग निवास कर रहे थे।

# डॉ.मीणा को 26 अगस्त तक भेजा जेल

**संदेश न्यूज। कोटा.**



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की टीम ने रिश्वत लेते पकड़े गए जेके लोन अस्पताल के निवर्तमान अधीक्षक डॉ.एचएल मीणा को शनिवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए। एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि आरोपी को डीजे कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने 26 अगस्त तक जेल भेजने आदेश दिए है। एसीबी की टीमों ने डॉ. मीणा के जयपुर व कोटा स्थित आवास पर सर्च की कार्रवाई की। जयपुर में पांचेवाला इलाके में निर्माणाधीन मकान में कोई नहीं मिलने पर उसे सील किया। एक अन्य मकान की तलाशी में कुछ खास नहीं मिला। एसीबी की टीम ने जेके लोन हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. एचएल मीणा 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा था। डॉ. मीणा ने एक फर्म से तीन माह के कार्यों का बकाया 30 लाख के बिलों को पास करने की एवज में 1 लाख 70 हजार की डिमांड की थी। आरोपी डॉक्टर ने शुक्रवार को परिवादी को पहली किश्त के 50 हजार रुपए लेकर अपने घर आरकेपुरम पर बुलाया था। डॉक्टर ने रिश्वत के 50 हजार रुपए कमरे में बनी खुली ताक में रखवाए। इशारा मिलते ही एसीबी ने उसे धर दबोचा। जो मकान सील किया गया है, परिजनों की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली जाएगी।

## जानकीनाथ मंदिर में आयोजित होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**संदेश न्यूज। कोटा.**

श्री जानकी नाथ मंदिर नयापुरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 19 अगस्त को भजन संध्या रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक होगी। भजन गायक राजेंद्र पारीक व रोहित पारीक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर आरती एवं प्रसाद वितरण एवं झांकी दर्शन होंगे।

भव्य झांकी दर्शन रात्रि 8 बजे से किए जाएंगे। श्री जानकी नाथ श्री मंदिर प्रबंध समिति नयापुरा द्वारा बताया गया कि 7 सितंबर को जलझूलनी एकादशी पर डोल यात्रा दोपहर 4 बजे श्री जानकी नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर बारादरी किशोर सागर तालाब की पाल तक जाएगी।

# मां की डांट से नाराज होकर नागौर भागा था बालक, कोटा लाकर दिलवाया आश्रय

**संदेश न्यूज। कोटा.**

मां की डांट से घर से गया बालक को बाल कल्याण समिति नागौर ने कोटा को सुपुर्द किया। इस बालक को महावीर नगर थाने की पुलिस तलाश कर रही थी, लेकिन ये नहीं मिला। बालक को रोस्टर सदस्य मधुबाला शर्मा के समक्ष पेश किया। बालक की काउंसलिंग पर मालूम हुआ कि बालक 14 वर्षीय है, जिसके चार भाई बहन हैं, उसके माता-पिता दोनों अलग-अलग रहते हैं।

बालक की माता द्वारा बालक को डांटा गया था उस डांट से नाराज होकर बालक घर से निकल गया था। बालक टेंपो में बैठकर रेलवे स्टेशन गया और ट्रेन में बैठ कर नागौर चला गया। नागौर में रेलवे पुलिस द्वारा बालक को स्टेशन पर ही चाइल्ड लाइन को सौंपा, चाइल्डलाइन द्वारा नागौर सीडब्ल्यूसी के समक्ष 7 अगस्त 22 को पेश किया, बालक से बातचीत करने पर मालूम हुआ कि बालक कोटा का रहने वाला है, नागौर सीडब्ल्यूसी ने होम में अस्थाई आश्रय दिया। नागौर सिटी से अध्यक्ष मनोज सोनी द्वारा अथक प्रयास किए लेकिन बालक पूरी तरीके से कुछ बता नहीं पा रहा था, इस कारण मकबरा थाने में महावीर नगर थाने में बच्चे की फोटो भेजी और बच्चे के बारे में जानकारी ली। बालक कोटा का मूल निवासी होने के कारण बालक का स्थानांतरण किया। बालक को उत्कर्ष होम में अस्थाई आश्रय दिया है।

# बड़गांववासियों को सौंपे 310 पट्टे



**संदेश न्यूज। कोटा.** नगर विकास न्यास की ओर से बड़गांव के हनुमान जी मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय पट्टा वितरण समारोह का समापन शनिवार को हुआ। पट्टा वितरण सामारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता अमित धारीवाल रहे। इस पट्टा वितरण समारोह में क्षेत्र के 310 आवेदकों को उनके मकान के स्वामित्व का पट्टा सौंपा गया। धारीवाल ने कहा कि बड़गांव अब गांव की श्रेणी में नहीं है, शहर का हिस्सा होने के साथ-साथ सभी बुनियादी एवं विकास के कार्य प्रमुखता के साथ क्षेत्र में करवाए जा रहे हैं। आगामी 50 वर्षों तक क्षेत्रवासियों को सुविधाएं प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर आमजन को उनके आवासों भूखंड का पट्टा समर्पित कर मालिकाना हक प्रदान कर बड़ी राहत दी गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान में कोई भी पात्र व्यक्ति इसका लाभ लेने से अछूता ना रहे, इसके हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

न्यास सचिव राजेश जोशी ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि 2 दिवसीय शिविर के अलावा भी पात्र व्यक्तियों द्वारा आवेदन किए जाने पर उनको पट्टे सौपे जाएंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह, अशोक रमेश हाड़ा, न्यास उप सचिव चंदन दुबे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासी मौजूद रहे।

## 16 अगस्त से फिर लगेंगे शिविर

न्यास उप सचिव चंदन दुबे ने बताया कि 16 से 30 अगस्त तक न्यास की ओर से वार्डवार शिविर जारी रहेंगे। 16 अगस्त से 2 दिवसीय शिविर महात्मा गांधी कॉलोनी माला फाटक रेलवे क्रॉसिंग के पास आयोजित होगा। कोटा उत्तर निगम के वार्ड 18 व 19 के क्षेत्रवासी आवेदन कर सकेंगे दूसरा शिविर 22 और 23 अगस्त को संत तुकाराम सामुदायिक भवन को कुन्हाड़ी में आयोजित किया जाएगा। शिविर में उत्तर नगर निगम के वार्ड 28, 50 के क्षेत्रवासी अपने मकान वह भूखंड के पट्टे के लिए आवेदन कर सकते है। वही 24 और 25 अगस्त को राम जानकी सामुदायिक भवन भदाना में न्यास की ओर से शिविर आयोजित किया जाएगा। कोटा उत्तर के वार्ड 60, 22 के क्षेत्रवासी लाभान्वित हो सकेंगे 29 और 30 अगस्त को शिव पार्वती सामुदायिक भवन नया नोहर में न्यास का शिविर लगेगा शिविर में कोटा उत्तर निगम के वार्ड नंबर 1 एवं 18 के क्षेत्रवासी आवेदन कर अभियान का लाभ ले सकेंगे।

## राजस्थान सेन समाज कल्याण समिति के पुरुषोत्तम अध्यक्ष, सत्यनारायण महामंत्री

**संदेश न्यूज। कोटा.**

सैन समाज के द्वारा निर्माणाधीन बालिका छात्रावास पर राजस्थान सेन समाज कल्याण समिति के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए।

चुनाव में पुरुषोत्तम सेन कैथून को अध्यक्ष पद व सत्यनारायण मोरवाल को महामंत्री व रामचंद्र फौजी को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से घोषित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित चुनाव अधिकारी रामगोपाल सेन, बृजमोहन सेन पूर्व नेता प्रतिपक्ष, बीएल वर्मा, बाबूलाल बोली, राजेन्द्र प्रसाद गोरस पूर्व अध्यक्ष, तेजपाल सैन, धर्मेन्द्र सैन, जगदीश सैन, रविकुमार सैन, जितेंद्र सैन, बाबुलाल सैन, रामप्रसाद खालुन्दा, मुकुट सैन बाक्या, चमन केलवा, चन्द्रमोहन सैन, मुकेश सेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## श्री राधा माधव मंदिर पर होंगे भव्य आयोजन

**संदेश न्यूज। कोटा.**

श्री राधा माधव सेवा समिति रिद्धि सिद्धि नगर कुन्हाड़ी अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा एवं महामंत्री मनीष समदानी ने बताया कि 20 अगस्त को पालना दर्शन एवं माखन मिश्री प्रसाद वितरण प्रातः 8 बजे से होगा। छप्पन भोग दर्शन एवं महा आरती सायं 6 बजे होगी। नंदोत्सव रात्रि 8 बजे से होगा, जिसमें स्वर्णाश्रीजी एवं ध्रुव शर्मा बृजवासी के सानिध्य में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। छप्पन भोग प्रसाद वितरण रात्रि 10.30 बजे किया जाएगा। जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजक मनीष मूंदड़ा (मोनू) एवं कोषाध्यक्ष महावीर सोनगरा ने बताया कि श्री राधा माधव मंदिर परिसर में अलौकिक झांकी दर्शन होंगे।

## बिजली बंद

**कोटा.** सुबह 9 से शाम 4 बजे तकः पुरोहितजी की टापरी के आसपास का क्षेत्र, भट्टनगर, पूनम कॉलोनी आदि। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तकः चौधरी मेडिकल के आसपास, गणपति कॉम्पलेक्स, रंगपुर मैन रोड, विनायक साइबर कैफे के आसपास का क्षेत्र आदि।

## झालावाड़ सिटी से जूनाखेड़ा के मध्य 15 अगस्त से नियमित ट्रेन

**संदेश न्यूज। कोटा.** रेलवे प्रसाशन ने कोटा से झालावाड़ सिटी के बीच चलने वाली गाड़ी का संचालन अब जूनाखेड़ा तक चलाने का निर्णय लिया है। 14 अगस्त को झालरापाटन से जूनाखेड़ा को उद्घाटन स्पेशल गाड़ी चलाई जाएगी, जो झालरापाटन से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान कर जूनाखेड़ा 10:15 बजे पहुंचेगी।

# न्यास की लापरवाही विद्युत तंत्र पर पड़ रही भारी

### केईडीएल को बिना सूचना दिए चालू विद्युत तंत्र में कर रहे काम, कभी हो सकते हैं हादसे

**संदेश न्यूज। कोटा.**



शहर में चल रहे विकास कार्यों के दौरान बरती जा रही लापरवाही से कई विद्युत हादसे होने के बाद भी अब तक नगर विकास न्यास व अन्य कार्यकारी एजेसियां इस मामले में गंभीर नजर नहीं आ रही है। अब भी बिना बिजली कंपनी केईडीएल को सूचित किए चालू विद्युत तंत्र के आसपास खुदाई की जा रही है, इतना ही नहीं विद्युत तंत्र को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है, ऐसे में कभी भी फिर से जान माल की हानि हो सकती है। ऐसा ही एक मामला स्टेशन क्षेत्र की जेपी कॉलोनी में सामने आया है। जेपी कॉलोनी ओवर ब्रिज के पास नगर विकास न्यास की ओर से नाले को चौड़ाकर पक्का करने का कार्य किया जा रहा है। इस नाले के पास केईडीएल का आरएमयू लगा हुआ है, जो करीब 10 हजार उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। नाले को चौड़ा करने के लिए न्यास की कॉन्ट्रेक्टर फर्म ने केईडीएल को बिना सूचित किए ही आरएमयू के पास खुदाई शुरू कर दी। जब यहां खुदाई शुरू की तब तक आरएमयू नाले से करीब 4 फीट दूर था, लेकिन अब आरएमयू को यहां स्थिर रखना भी मुश्किल हो रहा है। इसमें सप्लाई भी चालू है, आरएमयू को गिरने से बचाने के लिए बांधा हुआ है।

इस मामले में केईडीएल के टैक्निकल हैड अनोमित्रो ढाली ने बताया कि न्यास की ओर से विद्युत तंत्र के आसपास कार्य करने के पहले केईडीएल को सूचित नहीं किया जा रहा, जिससे विद्युत तंत्र तो क्षतिग्रस्त हो ही रहा है, लोगों व यहां काम करने वाले कर्मचारियों व मजदूरों की जान पर भी खतरा मण्डरा रहा है। इस तरह की लापरवाही के चलते पहले भी हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों व मजदूरों की जान भी गई है।

## बच्चे को जहरीले सांप करैत ने काटा, अचेत

**संदेश न्यूज। कोटा.** रक्षाबंधन पर रानपुर निवासी छोटू लाल के पुत्र यश (10) को सोते समय सांप ने काट लिया। प्रो.विनोद महोबिआ सर्प एवं मानव कल्याण के पास लाया गया। समिति के विनीत महोबिआ ने तुरंत बच्चे को हॉस्पिटल में भर्ती करके ऑक्सीजन सपोर्ट पर लेने की बात कही। महोबिआ ने बताया कि करैत ने बच्चे को काटा है जो कि बेहद जहरीला होता है। उन्होंने कहा कि बरसात में कोशिश कर जमीन पर न सोये, बिना जूते के घास में या खेतों में न जाएं, अपने घर में दरवाजे के नीचे कपड़े से बंद करके सोएं।

Email id : EOITAWA.LSG@RAJASTHAN.GOV.IN Phone No.- 07458-22507

**कार्यालय नगरपालिका इटावा जिला कोटा (राज.)**

क्रमांक : न.पा.इ./2022-23/2366-2367 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 10.08.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका इटावा कार्यालय में निम्नांकित पत्रावली प्रस्तुत की गई है। जिसमें किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मान्य दस्तावेज के साथ 7 दिवस में नगर पालिका में आपत्ति दर्ज करा सकता है। बाद मियाद नियमानुसार पत्रावली का निस्तारण कर दिया जायेगा।

| क्र. सं. | विषय | नाम | स्थान/पता | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भवन निर्माण स्वीकृति हेतु | रामसिया बाई पत्नि श्री विजयनारायण निवासी वार्ड नं. 15 ट्रस्ट के सामने इटावा | वार्ड नं 15 ट्रस्ट के सामने | 1687 वर्गफीट |

(राजूलाल मीना)
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका इटावा

**कार्यालय नगर पालिका छबडा जिला बारां (राज.)**

EMail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No.- 07452-222025

क्रमांक :- न.पा.छ./2022/9372 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक :- 12.08.2022

निम्न आवेदनकर्ताओं ने कालोनी/मोहल्ला में अपनी संपत्ति के अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है। संबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगर पालिका छबड़ा की वेबसाईट.... एवं स्वायत्त शासन विभाग की वेबसाइट http://lsg.urbanrajasthan.gov.in तथा http://shahar2021.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। अपना दावा आपत्ति नगर पालिका छबड़ा में 7 दिवस में प्रस्तुत करें।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्तियों का नाम | प्रकरण | स्थान /कॉलोनी | भूखण्ड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अंसार अहमद आत्मज श्री निसार अहमद जाति मुसलमान निवासी छबडा | 69 ए | प्रेमजी होटल के पिछे | | 816.11 वर्गफिट |
| 2 | श्रीमती सविता पत्नि श्री रामचरण बैरागी जाति बैरागी निवासी छबडा | 69 ए | पुथ्वीपुरा रोड जाटव मोहल्ला | | 1012.00 वर्गफिट |
| 3 | श्री बच्चन खा आत्मज श्री पीर खां जाति मुसलमान निवासी छबडा | 69 ए | चांदनी चौक जोहरीपुरा | | 1949.73 वर्गफिट |
| 4 | श्री बंशी लाल आत्मज कवरलाल जाति जाटव निवासी छबडा | 69 ए | यादव मोहल्ला | | 307.40 वर्गफिट |
| 5 | श्री रानू नामा आत्मज हरिनारायण जाति नामदेव निवासी छबडा | 69 ए | छीपा मोहल्ला | | 501.33 वर्गफिट |
| 6 | श्रीमती सानू शर्मा पत्नि श्री ओमप्रकाश जाति ब्रहामण निवासी छबडा | 69 ए | टीचर्स कालोनी | | 1181.75 वर्गफिट |
| 7 | श्री अब्दुल रशीद आत्मज श्री अजीजुल्ला जाति मुसलमान निवासी छबडा | 69 ए | गर्ल्स स्कुल के पिछे | | 1377.00 वर्गफिट |
| 8 | श्री मो0 शेरू आत्मज श्री शब्बीर हुसैन जाति मुसलमान निवासी छबडा | 69 ए | गर्ल्स स्कुल के पिछे | | 1196.22 वर्गफिट |
| 9 | श्री हरिप्रसाद शर्मा आत्मज कल्याण प्रसाद शर्मा जाति ब्रहामण निवासी छबडा | 69 ए | चोधरी मोहल्ला | | 102.00 वर्गफिट |
| 10 | श्री सरजीत सिंह, अग्रेज सिंह आत्मज श्री अमरजीत जाति सीख निवासी छबडा | 69 ए | जैन धर्मशाला के पिछे | | 1200.00 वर्गफिट |
| 11 | श्री सिद्धीक हुसेन आत्मज अल्लादीन जाति मुसलमान निवासी छबडा | 69 ए | प्रेमजी होटल के पिछे | | 1200.00 वर्गफिट |

*अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका छबड़ा*

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांकः - एफ-15/कृ.भू.रू./2022/1042 दि. -10.08.2022

-: विज्ञप्ति :-

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम भदाना में स्थित कृषि भूमि योजना बापू कॉलोनी खसरा नं. 67 में स्थित भूखण्ड संख्या 12-डी आवेदक श्री पीयूष शर्मा पुत्र श्री गोपाल दत शर्मा निवासी 12-डी पीयूष भवन बापू कॉलोनी, रंगपुर रोड कोटा जं. द्वारा नवीन पट्टा जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा कार्यालय उपखण्ड अधिकारी भूमि रूपान्तरण कोटा द्वारा पट्टा क्रमांक एफ-1253 दिनांक 19.04.1984 से श्री छोटे लाल पुत्र श्री किशोरी लाल शर्मा को जारी किया गया है। पट्टेधारी की मृत्यु उपरान्त पोते श्री पीयूष शर्मा पुत्र श्री गोपाल दत शर्मा अनरजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर नवीन पट्टा जारी करने हेतु निवेदन किया गया है तथा वसीयत के दोनो गवाह मौजूद नहीं होने का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः श्री पीयूष शर्मा पुत्र श्री गोपाल दत्त शर्मा के पक्ष में नवीन पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

- उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)**

क्रमांकः- ननिकोद/भ.नि.अनु./2022/4777 दिनांक : 12.8.2022

पंजीयन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नन्द लाल पुत्र श्री कस्तुर चन्द निवासी भूखण्ड संख्या-832, केशोपुरा, कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड भूखण्ड संख्या 832, केशोपुरा कोटा क्षेत्रफल 450 वर्ग फुट का पंजीयन कराने का निवेदन किया है। मूर्खण्ड संख्या-832, केशोपुरा, कोटा क्षेत्रफल 450 वर्ग फुट का आवंटन कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा पत्र क्रमांक एफ(149)आवंटन/ न.विन्यास/दिनांक 03.04.1986 से श्री दौलत सिंह पुत्र श्री हरि सिंह को किया गया। श्री दौलत सिंह ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.12.1990 से उक्त भूखण्ड श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री तंवर सिंह को विक्रय कर दिया। श्री राजेन्द्र सिंह ने जर्ये नोटेरी इकरारनामा दिनांक 02.07.1997 से उक्त भूखण्ड श्रीमती संतोष पांचाल पत्नी श्री जगदीश पांचाल को विक्रय कर दिया। श्रीमती संतोष पांचाल ने जर्ये नोटेरी इकरारनामा दिनांक 10.07.1998 से उक्त भूखण्ड श्री नन्द लाल पुत्र श्री कस्तुर चन्द को विक्रय कर दिया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड का पंजीयन कराने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का पंजीयन कराने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

*- उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण*

**SHRICON INDUSTRIES LIMITED**

**Registered Office:** 112-B, Shakti Nagar, Kota, Rajasthan - 324009
Ph: 0744-2500492 | E-mail: investor.shricon@gmail.com | www.shricon.in
CIN-L15100RJ1984PLC040606

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on 30 June, 2022**

(Amount in ₹ Lakhs Except EPS)

| Particulars | Quarter Ended (30/06/2022) | Corresponding Quarter Ended (30/06/2021) | Quarter Ended (31/03/2022) |
|---|---|---|---|
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) |
| Total Income from Operations (net) | - | - | - |
| Net Profit from Ordinary Activities after tax before Minority Interest | 10.98 | (14.48) | 2.55 |
| Net Profit for the period after tax and Minority Interest | 10.98 | (14.48) | 2.55 |
| Paid-up Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each) | 124.00 | 124.00 | 124 |
| Reserves excluding Revaluation Reserve (NIL) as per balance sheet of previous year | - | - | |
| **Earnings Per Share (EPS)** | | | |
| Basic & Diluted EPS before Extraordinary items ₹ | 0.89 | -1.17 | 0.21 |
| Basic & Diluted EPS after Extraordinary items ₹ | 0.89 | -1.17 | 0.21 |

**Notes:**
1. The financial results for the quarter ended June 30, 2022 have been limited reviewed.
2. The above results, duly reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their meeting held on 12 August, 2022.
3. The above is an extract of the detailed format of Standalone Financial Results for the quarter ended on 30 June 2022 filled with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's website i.e. **www.shriocn.in** and Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com**

BY ORDER OF THE BOARD OF DIRECTORS

FOR **SHRICON INDUSTRIES LIMITED**
**OM PRAKASH MAHESHWARI**
Director (DIN-00185677)

Place: Kota (Rajasthan)
Date : August 12th, 2022

# भारतीय किसान संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय बीज सेमिनार शुरू

**संदेश न्यूज। कोटा.**

भारतीय किसान संघ की तीन दिवसीय बीज सेमिनार शनिवार को महावीर नगर स्थित श्रीरामशांताय सभागार में प्रारंभ हुई, जिसमें देशभर से देशी, उन्नत और परंपरागत बीजों के संरक्षण, उत्पादन व संवर्धन पर कार्य करने वाले विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय किसान संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि संगोष्ठी में देशभर से करीब 15 से अधिक वैज्ञानिक बीज के विषय पर अपना अनुभव साझा करेंगे। साथ ही बीज उत्पादकों द्वारा स्वयं द्वारा संरक्षित किए गए बीजों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

इस दौरान देश के सभी प्रांतों के बीज प्रमुख भी शामिल हो रहे हैं। संगोष्ठी के पहले दिन एडवोकेट मनोज गौतम ने बीज विषय से संबंधित कानूनी जानकारियां दी। वहीं डॉ. शिवकुमार ने बीजों के उत्पादन में जैविक विधि से पोषण व प्रबंधन पर चर्चा की।

प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि रविवार को पौधे की किस्म, कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, जीन बैंक, जैव विविधता और जलवायु का बीज पर प्रभाव, परंपरागत बीजों के लाभ, उत्पादन, संरक्षण, संग्रहण की विधि, फलदार पौधों का प्रवर्धन, परंपरागत बीजों में जैविक विधि से कीट नियंत्रण, बीजों पर परंपरागत और वैज्ञानिक चिंतन, बीज बैंक जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय बीज प्रमुख कृष्णमुरारी, डॉ आरसी अग्रवाल, डॉ अशोक कुमार, डॉ एसके शर्मा, डॉ एनके शर्मा, डॉ.राजेंद्र सिंह राठौर, डॉ.शुभम कुलश्रेष्ठ, पद्मश्री हुकुम पाटीदार, डॉ हरमेश विषय रखेंगे।

# JEE-Main-2022 : Kota Coaching Shines in JEE Main 2022

KOTA COLLAGE
kotacollage@gmail.com
KOTA. The Kota coaching once again has proved it's supremacy in the JEE Main 2022 by clinching several top ranks and large number of selections.

The students of Allen Career Institute have once again proved their excellence in the JEE-Main results announced by the National Testing Agency (NTA).

Dr. Brajesh Maheshwari, Director, ALLEN Career Institute told that Sneha Pareek, a student of the Allen Career institute, scored 300 out of 300 with a perfect score

## Allen's Sneha achieved All India Rank-2



100 percentile in JEE-Main June. Sneha has secured All India Rank-2. Sneha has been an Allen Career Institute classroom student for the last two years. Sneha is also the All India Girls' Topper. NTA released the list of 24 students with an overall 100 percentile, out of which 7 are from Allen Career Institute. These include Sneha Pareek, Shrenik Mohan, Arundeep Kumar, Navya, Kanishk Sharma, Kushagra Srivastava, and Krishna Sharma. Allen Classroom student Shrenik Mohan Sakala got AIR-11, and Arundeep Kumar got AIR-12. Along with this Navya got All India Rank-18, Kanishk Sharma got Rank-20, Kushagra Srivastava got Rank 23, and Krishna Sharma got Rank-24. Maheshwari said that 34 students of ALLEN made it to the top 100. Apart from this, there are 13 state toppers.

## Resonance Students outshine in JEE-Main Results.






Students of Resonance institute has once again produced unparalleled results in JEE Main 2022. As per RK Verma, Founder & Managing Director, Institute's classroom student Vardan Verma has secured All India Rank 37 with 100 %ile in Chemistry. Vardan was the topper of Kota in JEE Main session 1 among all the students of all the institutes, who stayed & prepared at Kota. Another classroom student harshit jain secured All India Rank 87. As per initial reports, 14 students of Resonance have secured a place in Top 500 & 36 students in Top 1000 All India Ranks. More than 3500 students have been declared qualified for JEE Advanced as per the initial result compilation. More students are expected soon as the result compilation was going on at more than 70 study centres of Resonance.

### Motion Education's stars shine in JEE Main



Four students of Motion Education in the top hundred, the selection ratio went to 72.41 percent.The stars of Motion Education have dazzled in the results of the country's biggest engineering entrance exam JEE Mains 2022. Nitin Vijay, Founder and CEO, Motion Education, said, “Motionites have once again proved their determination by securing four ranks in the top hundred. In this, Kanishka Sharma got 20th rank, Himanshu Garg got 35th and Vishakha Agarwal got 100th rank. Aditya Singh Bhadauria secured All India Rank (PWD) 29 in JEE Main 2022 exam.

Apart from this, Deevyanshu Malu, Priyanshu Singh, Nitin Kumar, Prakhar Sriguru, Abhijit Singh, Priyanshu Agarwal, Girwar Patidar, Mukhram Yadav, Pragati Agarwal, Madhav Maheshwari, Bhavukprasad Sarthak, Gottupulla Venkat Aman, Jatin Singhal, Tanmay Soni, Zubin Singh, Gaurav Rawat Including 20 students have secured top 500 ranks. Vijay told that, 6,653 students of Motion Education appeared for JEE Main exam. Out of which 4,818 have been selected for JEE Advanced. Thus the selection ratio of Motion is 72.41 percent and 24 Students secured First Rank.

Nitin Vijay informed that 24 Students including Kanishk Sharma of Motion Education scored 100 percentile in JEE Main result . June session examination were released on July 11 itself. Then a total of 14 students had scored 100 percentile. There has been an increase of 10 more students in 2nd Session.

# AIFUCTO protests against NEP 2020-Sanjay Chawla

SANJAY CHAWLA
kotacollage@gmail.com
KOTA. All India Federation of University and College Teachers Organization (AIFUCTO) invoked all the teachers of the country for a dharna at Jantar Mantar, New Delhi on August 3 to register their protest against the implementation of the anti-student, anti-teacher and anti-people National Education Policy 2020 that had been imposed on the country in an undemocratic way during the pandemic.

More than thirty college teachers from Kota region too attended the dharna under the leadership of Dr. Raghuraj Parihar, Zonal Secretary, AIFUCTO that represents more than six lakh teachers of the country.

The teachers claim that the agenda of the government is to relegate the education budget to the mercy of the market. “Our universities are being eyed by private companies like jackals surrounding a vulnerable prey.

We must stand up and defend public education with all our strength,” the speakers said. Representing the state




delegation, Dr. Banay Singh, General Secretary of a faction of RUCTA, assured the office bearers of AIFUCTO that they would leave no stone unturned to stall the implementation of NEP 2020 in Rajasthan.

# Motion Education celebrating 25k admissions

## “Now its time to Earn the Win”!

KOTA COLLAGE
kotacollage@gmail.com
KOTA. Celebrating 25000 Students NV sir announced that we will give away our entire 5 lakh of income from youtube in last 6 months to 84 special students out of which 48 students are sponsored for classroom program by our management team .

This special initiative was called “YOUTUBE KI KAMAI BACHO MAIN LUTAYI”

Students were asked to fill out a google form over the last 7 days and We had a humongous response and received almost 70000 entries . Out of which 20 students were given Exclusive exam crackers , 10 students were given free Motion learning app Subscription ,53 students were given free kota classroom coaching and the biggest of all 1 lucky student was given Free kota Classroom coaching and Rs 1 lakh . 5 students were also chosen as waiting list just in case someone else withdraws they can be a part .The entire event was Live on motion youtube Channel and was



watched by thousands as NV SIR and also the chief guest Kota’s Collector Shri OP Bunkar announced the names one by one out of the lottery draw machine.All the winners will be receiving a Call shortly from Motion Representatives .

# Surendra Goyal Vichitra elected Chairman of Shri Sarrafa Board for the fifth time in a row

KOTA COLLAGE
kotacollage@gmail.com
KOTA. The elections for the new executive committee of the prestigious Shree Sarrafa Board for the session 2022-23 were held at the auditorium of New Bullion Market. Surendra Goyal Vichitra was elected President unopposed for the fifth time in a row.

Vichitra will take over the post of chairman of the bullion board for the sixth time.

Election Officer Manakchand Soni and Assistant Officer Kailash Agrawal said that Vivek Kumar Jain, Vice President, Sushil Lohia Treasurer, Mahendra Soni, Joint Secretary, and



Deepak Jain Mewada were elected for the post of Secretary. Apart from this, Anand Rathi, Ramswaroop Goyal, Radheshyam Mittal, Omprakash Soni, Yogesh Soni 'Mony' and Narendra Jain Damdama Wale were elected among the executive members.

# Sophia school organizes seminars on physical & mental well-being of the students





KOTA COLLAGE
kotacollage@gmail.com
KOTA.As the schools ,students and parents are all gearing up post covid to bring education system back to normal, focus is on physical as well as mental well-being of children.Keeping this in mind a series of seminars has been planned by the management of Sophia School (Vallabh Nagar and Junction).The beginning of sessions were on self belief and relationship conducted by Mrs Kamna Arora. The sessions proved to be beneficial and fulfilling as per response of students.

# Sultanpur Cong celebrates Vehicle Tiranga Yatra

KOTA COLLAGE
kotacollage@gmail.com
KOTA. On the instructions of the Rajasthan government for celebration of 75th



Independence Day under the Amrit Mahotsav of Independence, Sultanpur town organized a huge tricolor vehicle rally under the leadership of former PCC member Nasru Khan during the rain. The chief guest of the yatra was Rajasthan Small Scale Industry Department President (Minister of State), Rajeev Arora.

During this, a general meeting was organized in Sultanpur Mandi premises Rajiv Arora and former PCC member Nasru Khan addressed the gathering. After that the tricolor yatra from the Mandi courtyard reached the farm canal via the main market. Hundreds of people gathered on bikes with the national flag to participate in the tricolor yatra from the market to the Mandi courtyard and from there with the proclamation of patriotic slogans. The yatra started and patriotic



Distribution of Sanitary napkins in Government School by aerobic group of Social worker Ekta Dhariwal

**SHRICON INDUSTRIES LIMITED**

**Registered Office:** 112-B, Shakti Nagar, Kota, Rajasthan - 324009
Ph: 0744-2500492 | E-mail: investor.shricon@gmail.com | www.shricon.in
CIN-L15100RJ1984PLC040606

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on 30 June, 2022**

(Amount in ₹ Lakhs Except EPS)

| Particulars | Quarter Ended (30/06/2022) | Corresponding Quarter Ended (30/06/2021) | Quarter Ended (31/03/2022) |
|---|---|---|---|
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) |
| Total Income from Operations (net) | - | - | - |
| Net Profit from Ordinary Activities after tax before Minority Interest | 10.98 | (14.48) | 2.55 |
| Net Profit for the period after tax and Minority Interest | 10.98 | (14.48) | 2.55 |
| Paid-up Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each) | 124.00 | 124.00 | 124 |
| Reserves excluding Revaluation Reserve (NIL) as per balance sheet of previous year | - | - | |
| **Earnings Per Share (EPS)** | | | |
| Basic & Diluted EPS before Extraordinary items ₹ | 0.89 | -1.17 | 0.21 |
| Basic & Diluted EPS after Extraordinary items ₹ | 0.89 | -1.17 | 0.21 |

**Notes:**
1. The financial results for the quarter ended June 30, 2022 have been limited reviewed.
2. The above results, duly reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their meeting held on 12 August, 2022.
3. The above is an extract of the detailed format of Standalone Financial Results for the quarter ended on 30 June 2022 filled with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's website i.e. **www.shriocn.in** and Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com**

BY ORDER OF THE BOARD OF DIRECTORS

FOR **SHRICON INDUSTRIES LIMITED**
**OM PRAKASH MAHESHWARI**
Director (DIN-00185677)

Place: Kota (Rajasthan)
Date : August 12th, 2022